कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा फरवरी २०२३ माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. चयन और नियुक्तियों का सारांश

i. पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशक के 05 (पांच) पदों के लिए विज्ञापन जारी किया। सीएमडी के पद के लिए 13 (तेरह) चयन बैठकें आयोजित की गईं और निदेशकों के पद के लिए 12 (बारह) चयन बैठकें आयोजित की गईं।

ii. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विभिन्न अनुसूची 'क' और 'ख' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में 37 मामलों (37 कार्यात्मक निदेशकों) में नियुक्तियों को मंजूरी दी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न न्यायाधिकरणों/सांविधिक निकायों में अध्यक्षों/सदस्यों की इकत्तीस (31) नियुक्तियों, स्वायत्त निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यपालक की चार (04) नियुक्तियों, पीएस की नियुक्ति के दो (02) प्रस्तावों, विदेशी असाइमेंट में कटौती के एक (01) प्रस्ताव, गैर-सीएसएस पदों पर नियुक्ति के एक (01) प्रस्ताव, विस्तार के पांच (05) प्रस्तावों, पुनर्मनोयन के सात (07) प्रस्तावों और समयपूर्व प्रत्यावर्तन के दो (02) प्रस्तावों को कैबिनेट सचिव/एसीसी द्वारा मंजूरी दी गई।

iii. सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) नियम-2023 को 01.02.2023 को अधिसूचित और प्रकाशित किया गया है।

iv. तमिलनाडु (01), बिहार (07), तेलंगाना (05) और मेघालय (02) की राज्य सिविल सेवा/गैर-एससीएस से आईएएस में पदोन्नति / चयन द्वारा कुल 15 नियुक्तियां माह फरवरी, 2023 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित की गईं।

v. राज्य सिविल सेवा/झारखंड (01), उत्तर प्रदेश (02), तमिलनाडु (01) और बिहार (07) की राज्य सिविल सेवा/गैर-राज्य सिविल सेवा से आईएएस के लिए नियुक्त ग्यारह अधिकारियों की वरिष्ठता/आवंटन वर्ष के निर्धारण के आदेश माह फरवरी, 2023 के दौरान जारी किए गए थें।

vi. माह के दौरान कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने निम्नलिखित परीक्षाएं आयोजित की हैं:

(क) आशुलिपिक ग्रेड "ग" और "घ" परीक्षा, 2022 के लिए कौशल परीक्षण।
(ख) सीएपीएफ, एसएसएफ में कांस्टेबल (जीडी), असम राइफल्स में राइफलमेन (जीडी) और एनसीबी परीक्षा, 2022 में सिपाही की भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा।

vii. इसके अलावा, एसएससी ने माह के दौरान निम्नलिखित परिणाम घोषित किए हैं:

क. कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक एवं वरिष्ठ हिंदी अनुवादक परीक्षा, 2022 का अंतिम परिणाम।
ख. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2022 के टियर-1 का परिणाम।
ग. चयन पद परीक्षा (चरण-IX), 2021 के लिए मैट्रिकुलेशन स्तर के लिए 360 उम्मीदवारों, उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए 140 उम्मीदवारों और स्नातक और ऊपर के स्तर के लिए 120 उम्मीदवारों के लिए अतिरिक्त परिणाम।
घ. मल्टी टास्किंग स्टाफ (गैर-तकनीकी) और हवलदार (सीबीआईसी और सीबीएन) परीक्षा, 2021 में दस्तावेज़ सत्यापन के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के लिए परिणाम।
ङ. भारत मौसम विज्ञान विभाग परीक्षा, 2022 में वैज्ञानिक सहायक का परिणाम।

II. प्रशिक्षण और क्षमता विकास

i. राज्य सिविल सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए 124वां प्रवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम फरवरी 2023 में आयोजित किया गया था। इसमें 2008 से 2020 बैच के 131 प्रतिभागी हैं।

ii. 28.02.2023 तक की स्थिति के अनुसार, आईएसटीएम, डीओपीटी द्वारा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के 472 प्रतिभागियों के लिए इक्कीस (21) "प्रशासन में समग्र परिवर्तन के लिए दृष्टिकोण ज्ञान और कौशल का विकास" (दक्षता) कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

iii. सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) ने माह फरवरी 2023 के दौरान 13 संगठन विशिष्ट कार्यक्रम, 05 कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 03 सीएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम, 05 सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम और 04 दक्षता कार्यक्रम आयोजित किए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 867 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

iv. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन किया है:

क. माननीय राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने श्री आदिल जैनुलभाई, अध्यक्ष, सीबीसी के साथ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइन्फॉर्मेटिक्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एनआईजीएसटी) का दौरा किया।

ख. सचिव, क्षमता विकास आयोग, ने 13 से 15 फरवरी, 2023 के दौरान दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट (डब्ल्यूजीएस) में पैनल के सदस्यों के रूप में भाग लिया। पैनल ने नीति निर्माण में नागरिक जुड़ाव बढ़ाने और प्रौद्योगिकी सक्षम सेवा वितरण में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया।

ग. सीबीसी ने 'आईआईटी/आईआईएससी/आईआईएसईआर के रजिस्ट्रार के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम के उद्घाटन में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने की। डॉ. कामकोटि वीझीनाथन, निदेशक आईआईटी-मद्रास और श्री आदिल जैनुलभाई, अध्यक्ष सीबीसी ने भी उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया।

घ. सीबीसी ने विश्व बैंक और आईएफसी-इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन के सहयोग से बेहतर शासन प्रदान करने और बेहतर नागरिक सेवा प्रदान करने के माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) के स्तर पर क्षमता बढ़ाने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण विकसित करने के लिए नागपुर और पुणे नगर निगमों के साथ बैठक की।

ङ. सीबीसी ने सिविल सेवा क्षमता विकास संबंधी रुझानों और सर्वोत्तम व्यवहारों के बारे में जागरूकता पैदा करने की पहल के रूप में समाचार-पत्रिका (न्यूजलेटर) की शुरूआत की है। इसकी परिकल्पना एक मंच के रूप में की गई है जो विभिन्न पहलों, भविष्य की कार्य योजनाओं, प्रशिक्षण अनुभवों, आगामी कार्यक्रमों, उपलब्धियों और सर्वोत्तम व्यवहारों पर जानकारी और विचारों को साझा करेगा।

III. स्थापना मामले

क. केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारियों, जिनके दिव्यांग बच्चे हैं, जो स्कूल नहीं जा पाते हैं, को बाल शिक्षा भत्ता (सीईए) की प्रतिपूर्ति के संबंध में निर्देश दिनांक 17.02.2023 संख्या ए-27012/01/2022-स्था.(एएल) के माध्यम से जारी किए गए।

IV. साइबर सुरक्षा

क. 01.02.2023 को एक साइबर जागरुकता दिवस मनाया गया और इस विभाग के कर्मचारियों के लिए डीओपीटी के एनआईसी प्रशिक्षण प्रभाग और एनआईसी मुख्यालय, नई दिल्ली के ऐप्लीकेशन सिक्योरिटी ऑडिट एंड असेसमेंट प्रभाग द्वारा **"वियरेबल गैजेट्स पर सुरक्षा जागरूकता"** के संबंध में एक वेबिनार आयोजित किया गया।

V. चिंतन शिविर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तीनों विभागों ने **17 फरवरी से 18 फरवरी 2023 तक नई दिल्ली में एक चिंतन शिविर** आयोजित किया, जिसके दौरान तीन विभागों के पांच प्रमुख विषयों की पहचान की गई और अलग-अलग रैंकों/स्तरों के 25-30 कर्मचारियों के पांच समूहों ने अपने समूहों को सौंपे गए विषयों के बारे में चर्चा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विषय, मुख्य रूप से विभिन्न विभागों, कर्मचारियों, राज्यों, नागरिकों और पेंशनभोगियों को सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित थे।

दो दिनों की गहन चर्चा के बाद पांच समूहों ने 18 फरवरी, 2023 को इसके समापन कार्यक्रम में माननीय प्रधान मंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें माननीय प्रधान मंत्री ने अधिकारियों के साथ बातचीत की और प्रक्रियाओं एवं नीति को और अधिक नागरिक केन्द्रित, सरलीकृत बनाने और सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में विभागों में **चिंतन** (गहन विचार/मंथन) की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के कई अलग-अलग तरीकों और विचारों पर सुझाव दिया।